हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 27 अक्टूबर 2025

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 छात्राओं का राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता में चयन



07 शिक्षक ने धर्मशाला के लिए भूमि दान करने की ...



## खबर संक्षेप

### केंद्रीय कृषि मंत्री ने लगाया अमरूद का पौधा



**विदिशा।** केन्द्रीय किसान कल्याण तथा कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विदिशा आगमन पर सांसद खेल महोत्सव के संबंध में आयोजित पत्रकारवार्ता आयोजन के पहले एक निजी होटल में अमरूद का पौधा लगाकर पौधे लगाने व पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया है इस अवसर पर शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा, कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे, विदिशा विधायक मुकेश टण्डन, बासौदा विधायक हरिसिंह रघुवंशी, महाराज सिंह दांगी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी पौधरोपण में सहभागिता निभाई।

### बिजली कंपनी द्वारा कार्यशाला का आयोजन

**विदिशा।** मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर से होने वाले लाभ के साथ ही उपभोक्ता हित की योजनाएं जैसे 5 रुपए में नवीन कनेक्शन, सोलर रूफटॉप तथा बिजली से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम और बचाव के लिए जन जागरूकता हेतु मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी विदिशा वृत्त के महाप्रबंधक सत्येंद्र मौर्य ने दी है। यह कार्यशाला 27 अक्टूबर सोमवार की दोपहर 3 बजे कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित होगी। कार्यशाला में कंपनी मुख्यालय भोपाल से निदेशक पीडीटीसी अनिल कुमार खत्री, महाप्रबंधक स्मार्ट मीटर सेल सीके पवार, वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी मनोज द्विवेदी एवं विदिशा वृत्त के महाप्रबंधक सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस वर्कशॉप में स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को होने वाले लाभों की जानकारी दी जाएगी। सभी मीडिया कर्मियों एवं पत्रकारों से अनुरोध किया गया है कि इस अवसर पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### वेत्रवती महोत्सव की तैयारियां शुरू

**विदिशा।** बेतवा घाट पर पिछले 29 वर्षों से पारंपरिक रूप से मनाया जाने वाला वेत्रवती महोत्सव इस बार भी कार्तिक मास में आयोजित किया जाएगा। वेत्रवती घाट सुधार सेवा समिति के अध्यक्ष गोवर्धन साहू ने बताया कि इस बार बारिश के चलते आयोजन स्थल के रूप में धर्मशाला का चयन किया जा सकता है। उन्होंने नगरपालिका पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि धर्मशाला की इमारत में पानी रिस रहा है, जिसे सुधारने के लिए कई बार निवेदन किया गया, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। साहू ने बताया कि समिति ने घाट क्षेत्र में जल बहाव को दूसरी दिशा में मोड़ने और होमगार्ड कक्ष की मरम्मत की भी मांग की है, ताकि श्रद्धालुओं को असुविधा न हो और महोत्सव पूर्व की भांति संपन्न हो।

### पुराने अपराधों में फरार आरोपी न्यायालय में पेश

**विदिशा।** थाना कोतवाली पुलिस ने पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे और नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के मार्गदर्शन में एक आदतन अपराधी को गिरफ्तार किया। आरोपी राहुल अहिरवार (32), निवासी पुराना गल्ला मंडी के पास बरईपुरा, लंबे समय से फरार था और उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट एवं अन्य आपराधिक प्रकरण दर्ज थे। पुलिस ने तत्पर कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपी जेल भेज दिया गया। पुलिस की यह कार्रवाई सुरक्षा व कानून व्यवस्था के प्रति गंभीरता को दर्शाती है।

---

## सिटी सेंटर के सामने एडवोकेट पर हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार, निकाला जुलूस

# विरोध में विदिशा बंद

### हमला करने वाले आरोपी पर पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं



# एडवोकेट विमल प्रकाश तारण पर हमले के विरोध में विदिशा में उबाल

***भाजपा नेता और एडवोकेट विमल प्रकाश तारण हुए हुए हमले के विरोध में आधे दिन विदिशा बंद रहेगा। व्यापार महासंघ और अभिभाषक संघ ने इस बंद का आव्हान किया है। वकील न्यायालयीन कार्य नहीं करेंगे। इधर, नागरिकों ने इसे जंगलराज बताते हुए कहा कि जब सत्ताधारी दल के नेता ही असुरक्षित हैं तो आम जनता की सुरक्षा का अंदाजा लगाया जा सकता है। एडवोकेट विमल प्रकाश तारण ने उनके ऊपर हुए हमले के पीछे भाजपा के नेताओं का हाथ होने का आरोप लगाते हुए पुलिस सुरक्षा और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। हालांकि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।***

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, वरिष्ठ अधिवक्ता और तारण तरण चैत्यालय के पूर्व अध्यक्ष विमल प्रकाश तारण पर हुए हमले को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। रविवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के विदिशा आगमन पर विमल तारण ने उनसे मुलाकात कर अपने ऊपर हुए हमले की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें सोशल मीडिया पर शहर के विकास कार्यों को लेकर की गई टिप्पणियों के चलते निशाना बनाया गया।

श्री तारण ने इस हमले के पीछे अपने ही पार्टी के नेताओं का हाथ होने की आशंका जताई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए शिवराज सिंह चौहान ने पुलिस अधिकारियों को बारीकी से जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इधर, पुलिस ने हमले के आरोपी संजय नामदेव (गांधी) निवासी लोहांगी मोहल्ला को गिरफ्तार कर लिया है। जब मीडिया ने आरोपी से पूछा कि उसने ऐसा क्यों किया और क्या उसका विमल तारण से कोई व्यक्तिगत विवाद था, तो आरोपी कोई जवाब न दे सका। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने घटनास्थल से ही आरोपी का जुलूस निकालकर कानून व्यवस्था का संदेश देने का प्रयास किया। इस घटना के विरोध में तारण समाज और शहर के कई सामाजिक संगठनों ने कड़ा आक्रोश जताया है। तारण समाज के प्रतिनिधियों ने बात सोमवार को सुबह 11 बजे एसपी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है। जिसमें आरोपी पर कड़ी कार्रवाई की मांग की जाएगी।

विमल तारण पर हमले के खिलाफ जिला अभिभाषक संघ अध्यक्ष संतोष शर्मा ने आधे दिन के बंद का आह्वान किया है। विदिशा व्यापार महासंघ अध्यक्ष मुन्नाभैया जैन ने भी अपना समर्थन दिया है। महासंघ ने शहर के सभी व्यापारियों से अपील की है कि वे सोमवार को दोपहर 12 बजे तक अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर विरोध दर्ज करें। महासंघ के पदाधिकारियों ने कहा कि एक वरिष्ठ अधिवक्ता और समाजसेवी पर हमला केवल व्यक्ति विशेष पर नहीं बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था और सामाजिक एकता पर हमला है। इसलिए व्यापारी वर्ग इस अन्याय के विरोध में एकजुट होकर अपनी नाराजगी दर्ज करेगा। इस मामले में पूर्व विधायक शशांक भार्गव ने सोशल मीडिया पर लिखा है अपराधी को तो सजा मिल ही जाएगी, लेकिन जिसने अपराध करने के लिए उकसाया है उसके बारे में जानकारी पुलिस अपने पुलिसिया अंदाज से निकाले और उस व्यक्ति का नाम जनता को बताकर उस व्यक्ति को सजा दे। तभी वकील साहब को न्याय मिलेगा। वहीं एसपी रोहित काशवानी का कहना है कि एडवोकेट विमल प्रकाश तारण द्वारा लगाए गए आरोपो की पुलिस बारीकी से जांच कर रही है।

### भाजपा नेता ने अपने ही पार्टी के नेताओं पर संदेह जताया

#### भाजपा नेता की पत्नी ने मंत्री से मांगी सुरक्षा

विमल तरण की पत्नी ने शिवराज सिंह चौहान से सुरक्षा की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर मेरे पति को कुछ हो जाता है तो उनका क्या होगा। इधर विमल तारण ने हमले को लेकर विधायक और सीसीबी के पूर्व चेयरमैन पर संदेह जताया है। श्री चौहान से कहा कि आरोपियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं होने पर सुसाइड कर लूंगा। उन्होंने इस घटना के पीछे साजिश की जांच होना चाहिए। केन्द्रीय मंत्री ने सुरक्षा का भरोसा दिलाया और पुलिस को मामले की जांच के निर्देश दिये।



**विदिशा।** सांसद श्री चौहान से घटना के संबंध में चर्चा करते तारण दंपत्ति।

#### पुलिस जांच पर निगाहें

शहर भर में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। भाजपा के अंदरूनी मतभेद और स्थानीय राजनीति के समीकरणों के चलते यह मामला संवेदनशील माना जा रहा है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और मामले की जांच उच्च स्तर पर निगरानी में जारी है। समाज और व्यापारी वर्ग की एकजुटता से यह मुद्दा अब कानूनी और राजनीतिक दोनों स्तरों पर महत्वपूर्ण मोड़ ले चुका है।

#### समस्याओं को लेकर आवाज उठाई थी

एडवोकेट विमल प्रकाश तारण का आरोप है कि समस्याओं को लेकर सोशल मीडिया पर आवाज उठाता हूं। चाहे विधायक हो, चाहे जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष या अन्य जनप्रतिनिधि। मेरे ऊपर हमला हुआ है। मुझे विधायक और सीसीबी के पूर्व चेयरमैन पर संदेह है। पुलिस को इस मामले की निष्पक्ष जांच करना चाहिए और जो दोषी है उस पर कार्रवाई करना चाहिए। सांसद शचौहान ने यह सुनकर मामले की जांच के निर्देश पुलिस को दिये हैं।

#### मामला गंभीर

आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जुलूस निकालकर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया है। एडवोकेट विमलप्रकाश तारण पर हुए हमले की घटना को पुलिस ने गंभीरता से लिया है। इस मामले में बारीकी से जांच की जा रही है। उनके द्वारा लगाए गये आरोपों को पुलिस ने गंभीरता से लिया है और सभी आशंकाओं पर जांच की जाएगी।

**रोहित काशवानी, एसपी विदिशा**

### अतिक्रमण पर वन विभाग की कार्रवाई एक ट्रैक्टर जब्त किया



**विदिशा।** वनमंडलाधिकारी हेमंत यादव के मार्गदर्शन एवं उपवनमंडलाधिकारी सिरोंज हिमांशु त्यागी के निर्देशन में जिले में अवैध अतिक्रमण रोकने हेतु सतत अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वनपरिक्षेत्र अधिकारी उत्तर लटेरी की टीम ने मुखबिर की सूचना पर बीट वीरपुर के कक्ष क्रमांक पी-441 में कार्रवाई की गई है। मौके पर एक लाल रंग का बिना नंबर का ट्रैक्टर वनभूमि पर कार्यरत पाया गया। चालक ऐफाज खान निवासी बलरामपुर को पकड़कर पूछताछ की गई, जिसमें उसने अतिक्रमण स्वीकार किया। मौके से ट्रैक्टर जब्त कर प्रकरण दर्ज किया गया। यह कार्रवाई वनपरिक्षेत्र अधिकारी विवेक चौधरी के नेतृत्व में मनोज कुमार मिश्र, जितेंद्र शर्मा, मनोहर शर्मा, कृपाराम गौड, जयभान सिंह, कुलदीप श्रीवास्तव, भानु रघुवंशी, लालाराम एवं भैयालाल द्वारा की गई।

### जिले में 6.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**विदिशा।** जिले की तहसीलों में स्थापित वर्षामापी यंत्रो पर रविवार 26 अक्टूबर की प्रातः आठ बजे 6.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। गौरतलब हो कि विदिशा जिले की सामान्य वर्षा 1075.50 मिमी है। इस वर्ष अब तक 1161.7 मिमी वर्षा दर्ज हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख श्रीमती पटेल ने बताया कि रविवार 26 अक्टूबर को सर्वाधिक वर्षा ग्यारसपुर तहसील में 27 और सबसे कम पठारी तहसील में एक मिमी दर्ज हुई हैं इसके अलावा विदिशा, कुरवाई एवं नटेरन तहसील में 4-4 मिमी, बासौदा और सिरोंज तहसील में तीन-तीन मिमी, गुलाबगंज में आठ मिमी एवं शमशाबाद तहसील में 10 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। लटेरी में बारिश नहीं हुई।

## घर में घुसे मगरमच्छ का वन विभाग ने किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

रविवार को ग्राम बिलोरी में एक घर में मगरमच्छ के घुस आने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति का निरीक्षण किया। वन परिक्षेत्र अधिकारी के मार्गदर्शन में गठित रेस्क्यू दल में परीक्षित सहायक नारायण सिंह यादव, वनरक्षक राजेन्द्र बंसल, अभिषेक शर्मा, अमित करतारिया तथा वाहन चालक जगदीश विश्वकर्मा शामिल रहे।

टीम ने ग्रामीणों को सुरक्षित दूरी बनाए रखने के निर्देश दिए और सावधानीपूर्वक प्रयासों से मगरमच्छ को बिना किसी हानि के रेस्क्यू कर लिया। वन विभाग द्वारा मगरमच्छ की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें वह पूरी तरह स्वस्थ पाया गया। इसके बाद उसे वैस नदी में उसके प्राकृतिक आवास में सुरक्षित रूप से छोड़ दिया गया। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान ग्रामवासियों ने विभाग को सहयोग प्रदान किया। वन विभाग ने ग्रामीणों को ऐसे अवसरों पर घबराने के बजाय तुरंत सूचना देने और सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि सतर्कता और सामूहिक सहयोग से किसी भी वन्यजीव को सुरक्षित बचाया जा सकता है।



## सर्राफा एसोसिएशन ने किया वरिष्ठजनों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सर्राफा एसोसिएशन द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन भंडारी पैलेस में किया गया।

कार्यक्रम में एसपी रोहित काशवानी, एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे, व्यापार महासंघ अध्यक्ष मुन्नालाल जैन एवं मनोज कटारे मौजूद रहे। इस अवसर पर सीएसपी अतुल सिंह एवं नगर निरीक्षक आनंदराज भी उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का शुभारंभ महालक्ष्मी पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों का स्वागत कर उन्हें सम्मान-पत्र भेंट किए गए। इस अवसर पर सर्राफा एसोसिएशन के संस्थापक एवं वरिष्ठ सदस्यों का शाल, दुपट्टा और सम्मान पत्र देकर विशेष सम्मान किया गया। सम्मानित वरिष्ठजनों में शिखरचंद जैन, अवधनारायण स्वर्णकार, हरीनारायण सोनी, बसंत सर्राफ, मनमोहन अग्रवाल, कृष्णमोहन गर्ग, विपिन सर्राफ, अमरचंद सोनी, महेश चौधरी, रमेश अग्रवाल, राजेंद्र स्वर्णकार, सतेन्द्र लश्करी, गिरधर गोपाल, अवधनारायण अग्रवाल, हीरालाल रघुवंशी एवं अजीत जैन शामिल रहे।

### सामूहिक दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में थाना कोतवाली पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी दो माह से फरार था। पुलिस ने सतत प्रयास करते हुए 25 अक्टूबर को बासौदा स्थित बेतवा नदी किनारे दबिश देकर आरोपी को पकड़ा। विधिक कार्रवाई उपरांत उसे न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस की यह कार्रवाई महिला एवं बाल सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता का उदाहरण है।

### विदिशा में सांसद खेल महोत्सव 30 अक्टूबर से शुरू होगा

## खेल शरीर को स्वस्थ तो रखते ही हैं आनंद व उत्साह भी बढ़ाते हैं: शिवराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

केंद्रीय किसान कल्याण एवं कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विदिशा में आयोजित पत्रकार वार्ता में 30 अक्टूबर से शुरू होने वाले सांसद खेल महोत्सव की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि आनंद और उत्साह भी बढ़ाते हैं। प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप यह महोत्सव विदिशा संसदीय क्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है।






खेल महोत्सव का उद्घाटन विदिशा स्टेडियम में केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और क्रिकेटर कपिल देव की उपस्थिति में होगा। मंत्री चौहान ने बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर रस्सा कसी, कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़ जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी, जबकि संसदीय क्षेत्र स्तर पर क्रिकेट, कबड्डी और टेनिस बॉल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। आठ विधानसभा क्षेत्रों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाली टीमों को पुरस्कृत किया जाएगा। विदिशा संसदीय क्षेत्र में अब तक 37,038 खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया है। विधानसभा स्तर पर पंजीयन में भोजपुर 3,327, सांची 3,422, सिलवानी 4,407, बासौदा 2,061, बुधनी 6,718, इछावर 5,599, खातेगांव 5,674 और विदिशा 5,652 खिलाड़ी शामिल हैं। स्थानीय स्तर पर फुटबॉल, कुश्ती, खो-खो और हॉकी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा।

### कूल्हा प्रत्यारोपण कर उन्हें दर्दमुक्त जीवन दिया गया


# गरीब मरीजों के लिए वरदान बने अस्थि रोग विशेषज्ञ निशुल्क उपचार से लौट रहीं मुस्कानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



डॉ. सुनील किरार

अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा महाविद्यालय विदिशा के अस्थि रोग विभाग के चिकित्सक गरीब और असहाय मरीजों के लिए निस्वार्थ सेवा का उदाहरण बन रहे हैं। डीन डॉ. मनीष निगम के मार्गदर्शन में अस्थि रोग विभाग के डॉ. अतुल वार्ष्णेय, डॉ. सनत सिंह, डॉ. संजय उपाध्याय, डॉ. सुनील किरार एवं उनकी टीम द्वारा आयुष्मान भारत योजना के तहत हजारों मरीजों का निशुल्क उपचार एवं ऑपरेशन किया गया है। इन चिकित्सकों की टीम ने विदिशा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को नया जीवन प्रदान किया है। 32 वर्षीय एक मरीज, जो अवस्कुलर नेक्रोसिस की बीमारी से ग्रसित थे और बाएं कूल्हे के जोड़ के खराब होने से कार्य करने में असमर्थ थे, उनका कूल्हा प्रत्यारोपण कर उन्हें दर्दमुक्त जीवन दिया गया। अब वे न केवल सामान्य रूप से चल-फिर पा रहे हैं, बल्कि अपने परिवार के लिए फिर से आर्थिक रूप से सक्षम हो गए हैं।





इसी प्रकार 64 वर्षीय एक अन्य मरीज, जिन्हें कूल्हे के फ्रैक्चर के बाद चलना-फिरना तक मुश्किल हो गया था, उनका भी कूल्हा जोड़ प्रत्यारोपण किया गया। ऑपरेशन के बाद अब वे अपने दैनिक कार्य स्वयं करने में सक्षम हैं। डॉ. अतुल वार्ष्णेय ने बताया कि ईश्वर का निमित्त बनकर मरीजों की पीड़ा कम करना हमारे लिए सबसे बड़ा सुख है। जब मरीज दर्दमुक्त होकर मुस्कराते हैं, वही हमारी सबसे बड़ी सफलता है। अस्थि रोग विभाग की यह सेवा न केवल चिकित्सा जगत में मानवता का प्रतीक बन रही है, बल्कि समाज में यह संदेश भी दे रही है कि समर्पण और संवेदना से ही चिकित्सा सेवा का वास्तविक उद्देश्य पूरा होता है।

- **32 वर्षीय एक मरीज, जो अवस्कुलर नेक्रोसिस की बीमारी से ग्रसित थे और बाएं कूल्हे के जोड़ के खराब होने से कार्य करने में असमर्थ थे।**

### इंटैक चेप्टर का शुभारंभ, सांस्कृतिक धरोहर संरक्षण की दिशा में नया कदम





हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

भारतीय राष्ट्रीय कला एवं सांस्कृतिक विरासत (इंटैक) के विदिशा चेप्टर का शुभारंभ रविवार को एसएसएल जैन हायर सेकंडरी स्कूल में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंटैक के प्रदेश संयोजक दीपक खांडेकर थे, जबकि सह संयोजक संजय मल्होत्रा, एडिशनल कलेक्टर अनिल डामोर, एएसपी प्रशांत चौबे और वरिष्ठ पुरातत्वविद् अहमद अली उपस्थित रहे। अरविंद श्रीवास्तव को जिला संयोजक एवं ऋषि जलौरी को उप संयोजक नियुक्त किया गया। खांडेकर ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी पुरातात्विक धरोहरों को संरक्षित रखना आवश्यक है। कार्यक्रम में सेठ राजेंद्र जैन की स्मृति में उनके परिवार ने 51 हजार रुपए अपना घर आश्रम और 31 हजार रुपए प्रतिभा विकास संस्थान को दान किए। अतिथि परिचय अतुल शाह एवं स्वागत उद्बोधन गोविंद सक्सेना ने दिया।

# एसजीएस ग्राउंड में लीजेंड क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नात्कोत्तर महाविद्यालय के खेल मैदान में रविवार को नगर खेल प्रेमी एवं पूर्व बीआरसी स्व. कपिल तिवारी की पुण्य स्मृति में लीजेंड क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष प्रतनिधि देवेन्द्र रघुवंशी मौजूद रहे। टूर्नामेन्ट का शुभारंभ अतिथियों द्वारा स्व. कपिल तिवारी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान विधायक रघुवंशी ने कहा कि यह प्रतियोगिता निश्चित रूप से युवाओं को भी अभिप्रेरित करेगी। आज का युवा मैदानी खेलों से दूर होता जा रहा है। उन्होने इस टूर्नामेन्ट के सभी आयोजनकर्ताओं को बधाई दी। इस मौके पर नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने कहा कि उम्र बढने के साथ हम खेलों को बंद कर देते हैं। यह प्रतियोगिता 40 वर्ष की आयु वाले खिलाडिय़ों के लिए है, निश्चित रूप से यह एक पहल है। जो नगर में फिर से खेलों को बढ़ावा देने में सहायक होगी। आयोजन समिति ने बताया कि इस टूर्नामेन्ट में सिर्फ 12 टीम शामिल की गई हैं। प्रतियोगिता में जिसमें प्रथम पुरूस्कार 21 हजार रूपये एवं ट्रॉफी, द्वितीय पुरूस्कार





11 हजार रूपये एवं ट्रॉफी दी जायेगी। प्रत्येक मैन में मेन ऑफ द मैच और मैन ऑफ दा सीरीज का पुरूस्कार सहित अन्य आकर्षक इनाम भी खिलाडिय़ों को दिये जायेंगे। टूर्नामेन्ट के शुभारंभ अवसर पर शहर के सभी सीनियर खिलाड़ी उपस्थित रहे। टूर्नामेन्ट का पहला मैच आर्यन और एमआई के बीच खेला गया। जिसमें आर्यन टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की। एमआई की टीम ने 10 ओवर में 95 रन बनाये, जिसमें प्रकाश दीक्षित न शानदार बल्लेबाजी करते हुये टीम का स्कोर बनाने में अपनी भूमिका दी। एमआई की ओर से गोपाल यादव द्वारा शानदार गेंदबाजी की गई और एमआई की टीम ने यह मैच 17 रनों से जीता। मैच उपरांत प्रकाश दीक्षित को मैन ऑफ दा मैच का पुरूस्कार दिया गया। दूसरा मैच लीजेंड मीडिया और बासौदा 11 के बीच खेला गया। जिसमें लीजेंड मीडिया की टीम 7 रन से यह मुकाबला हार गई। बासौदा-11 ने पहले बल्लेवाजी करते हुये 10 ओवर में 116 रन बनाये। टीम को अंतिम ओवर में जीत के लिए 27 रनों की दरकार थी, लेकिन यह मैच वह 7 रनों से हार गई। इस मैच में मैन ऑफ दा मैच का पुरूस्कार अर्द्धशतक लगाने वाले नारायणसिंह दांगी को दिया गया।

## खबर संक्षेप

### नाबालिग अपहर्ता को किया बरामद, आरोपी गिरफ्तार



**गंजबासौदा।** 14 मई को फरियादी ने अपनी नाबालिग पुत्री उम्र 15 वर्ष को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में अपहर्ता बालक/बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान चलाया जा रहा है। उपरोक्त अभियान में अपहृत बालक/बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ प्रशांत चौबे एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गंजबासौदा शिखा भलावी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बासौदा शहर निरी. संजय वेदिया के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस टीम के द्वारा अपहर्ता बालिका की तलाश पतारसी के दौरान प्रकरण में आये तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर नाबालिक बालिका को मथुरा (उ.प्र.) से दस्तायब करने में सफलता प्राप्त की गई तथा अपहर्ता के माननीय न्यायालय में कथन कराये गये। जिसमें आरोपी द्वारा शादी का झांसी देकर भगा ले जाना एवं गलत काम करना बताया गया एवं अपहर्ता को परिजनों के सुपुर्द किया गया। अपहर्ता के कथनों के आधार पर प्रकरण में धारा 64(2) (m), 87, 127(4) BNS 5L/6 पॉक्सो एक्ट, 3(1)(w)(i), 3(2)v sc/st Act. बढ़ाई गई एवं आरोपी को भी पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक संजय वेदिया, उनि लालाराम प्रजापति, प्र.आर. विपिन नायक, आर. शिवप्रताप, म.आर. शिवानी मिश्रा की विशेष भूमिका रही।

### जाको राखे साइयां मार सके न कोय, वृद्ध महिला की बची जान

# चलती ट्रेन से उतर रही महिला नीचे गिरी, आरपीएफ ने बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को स्थानीय रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ जवानों एवं नागरिकों की सतर्कता एवं सावधानी से एक बडा हादसा टल गया और एक बुजुर्ग महिला की जान बच गई। बुजुर्ग महिला अत्याधिक भीड के चलते समय पर उतर नहीं पाईं और चलती ट्रेन से उतरते समय पैर फिसलने से ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच जा फंसी। ऐसे में आरपीएफ जवानों ने तत्काल कार्रवाई कर उसकी जान बचा ली। आरपीएफ के इस कार्य की सर्वत्र सराहना हो रही है।


प्राप्त जानकारी के अनुसार त्यौहारों के चलते इन दिनों ट्रेनों में अत्याधिक भीड चल रही है। ऐसे में यात्रियों को ट्रेनों में चढने उतरने में काफी परेशानी हो रही है। रविवार को जब बिलासपुर भोपाल एक्सप्रेस रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर आई तो उसकी जनरल बोगी में यात्रियों की जबरदस्त भीड थी। इसी बोगी में खुरई से गंजबासौदा के लिए करीब 65 वर्षीय कृष्णाबाई दांगी भी सवार थीं, लेकिन भीड के चलते वे समय पर बोगी से उतर नहीं पाईं। जब तब वे कोच के गेट पर पहुंचीं तब तक ट्रेन चल पडी थी और वृद्धा चलती ट्रेन से नीचे उतरने लगीं। इस बीच उनका पैर फिसल गया और वे कोच के पायदान एवं प्लेटफार्म के बीच जा फंसीं। इस दौरान प्लेटफार्म पर मौजूद आरपीएफ जवान एएसआई राहुल यादव, प्रधान आरक्षक एसपी विश्वकर्मा एवं एक जागरूक नागरिक ने बिना देर किए चलती ट्रेन के साथ घिसट रहीं वृद्ध महिला को पकडा और आरपीएफ जवानों ने ट्रेन गार्ड को इमरजेंसी ब्रेक लगाने के लिए सूचित किया। जिसके बाद गार्ड ने तुरंत ब्रेक लगाया और उधर किसी यात्री ने चैन भी खींच दी। जिससे तुरंत ही ट्रेन रूक गई। बाद में महिला को सकुशल प्लेटफार्म पर खींचा गया। हांलाकि इस दुर्घटना में वृद्ध महिला के पैरों में मुंदी चोटें आईं हैं, लेकिन आरपीएफ जवानों की त्वरित कार्रवाई से उसकी जान बच गई।





उधर इस घटना की जानकारी लगते ही आरपीएफ जवानों की त्वरित कार्रवाई की सभी जगह सराहना हो रही है। वहीं आरपीएफ ने भी यात्रियों से अपील की है कि ट्रेनों में भीड के चलते जोखिम उठाकर चलती ट्रेन से चढने उतरने की कोशिश न करें।

## तीसरे दिन भी नगर में देर तक हुई बारिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को चौथे दिन भी नगर सहित आसपास के कई गांवों में सुबह से लेकर शाम तक रुक रुक कर हल्की बारिश हुई जिससे सड़कें पानी से तरबतर हो गईं। अब मौसम की जानकारी देने वाली वेबसाइटों ने आगामी दिनों में भी अच्छी बारिश के संकेत दिए हैं। इस बारिश से अधिकांश किसानों को लाभ मिलेगा। वहीं धान उत्पादक किसानों को नुकसान पहुंचने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि मौसम विभाग ने 25 अक्टूबर से बारिश के संकेत दिए थे। हांलाकि पिछले दो दिनों से आसमान पर बादल छा रहे थे और उमस भी बढ गई थी,जिससे बारिश की संभावना नजर आने लगी थी। उधर इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने आगामी 25 अक्टूबर से लेकर 1 नवंबर तक इलाके में अच्छी बारिश के पूर्वानुमान व्यक्त किए हैं। जो रबी फसलों की बोवनी के लिए बहुत लाभदायक साबित होगी तथा किसानों के हजारों रुपए बचेंगे।

## गंजबासौदा में AIRRF की नई शाखा का गठन रिटायर्ड रेल कर्मचारियों को मिलेगा लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्थानीय रेलवे स्टेशन पर रविवार को ऑल इंडिया रिटायर्ड रेलवेमेंस फेडरेशन (AIRRF) की नई शाखा का गठन संगठन के अधीन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सर्वसम्मति से 16 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। यह कार्यकारिणी गंजबासौदा, मंडी बमोरा से लेकर सोराई तक के सेवा-निवृत्त रेल कर्मचारियों के हितों में कार्य करेगी। संगठन का राष्ट्रीय मुख्यालय सिकंदराबाद में स्थित है और वर्तमान में देशभर में इसकी 300 से अधिक शाखाएँ सक्रिय हैं।

AIRRF वर्ष 1961 से सेवा-निवृत्त रेलकर्मियों के कल्याण हेतु कार्यरत है। अब तक रोड साइड स्टेशनों पर संगठन की शाखाएँ नहीं थीं, जिससे पेंशनभोगी कर्मचारियों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भोपाल तक जाना पड़ता था। लेकिन अब गंजबासौदा में शाखा खुल जाने से स्थानीय सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने राहत की सांस ली है। गंजबासौदा शाखा का गठन जोनल अध्यक्ष महेन्द्र जीत सिंह, मंडल अध्यक्ष जी. जी. दाबाड़े, मंडल सचिव रमन सिंह तथा बिना एवं भोपाल के वरिष्ठ पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर रेलवे स्टेशन के सभी कार्यरत रेलकर्मियों ने नवगठित कार्यकारिणी को हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाइयाँ दीं।

नई शाखा के गठन से क्षेत्र के सेवा-निवृत्त रेल कर्मचारियों में हर्ष की लहर व्याप्त है। इस मौके पर मंडल सचिव रमन सिंह राजपूत, भोपाल ब्रांच के सचिव टी.आर.चौरे, यशवंतसिंह कोषाध्यक्ष इटारसी, एन पी परते इटारसी, डा. महेश मिश्रा मंडल उपाध्यक्ष, एन आर अग्निहोत्री अध्यक्ष बीना ब्रांच साथ में पदाधिकारी दयाराम सैनी, रामप्रसाद बिरोनिया के नेतृत्व में भोपाल मंडल पर गंजबसोदा में 50 सदस्यों की उपस्थिति में नई शाखा ( ब्रांच) का गठन हुआ। एस के सैनी गंजबसोदा इस कार्यक्रम के मुख्य कर्णधार रहे।

### संयम व जीव दया के साथ दिगम्बर मुनि की परिचायक होती है पिच्छिका

**गंज बासौदा।** नगर में विराजमान मुनि संघ के चातुर्मास के उपरांत भव्य पिच्छिका परिवर्तन समारोह का आयोजन स्थानीय तारण तरण दिगंबर जैन पाठशाला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मंगलाचरण की मंगलमय प्रस्तुति वीर सागर पाठशाला में अध्यनरत बच्चियों द्वारा प्रस्तुत की गई। मंगलाचरण के उपरांत दीप प्रज्वलन भगवान का चित्र अनावरण मुनि संघ के गृहस्थ जीवन के परिवार जन द्वारा किया गया। वहीं आचार्य विद्यासागर महाराज एवं नवाचार्य समय सागर महाराज की संगीत मय पूजन में अर्घ समर्पित करने का सौभाग्य बाल ब्रम्हचारी भैया एवं बहनों के साथ नगर के सभी जिनालय की समितियों एवं जैन समाज द्वारा संचालित दोनों गौशाला के पदाधिकारियों को प्राप्त हुआ। मुनि वीर सागर पाठशाला के भैया बहनों के अलावा महिला मंडल द्वारा भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपरांत पिच्छिका परिवर्तन कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जिसमें निर्यापक मुनि संभव सागर महाराज की पिच्छिका प्राप्त करने का सौभाग्य सोनिया मयंक जैन (मीनू जर्नल स्टोर परिवार), मुनि निस्सीम सागर महाराज की पिच्छिका प्राप्त करने का सौभाग्य सौम्या सिरिल कुमार जैन किरवाया वाला परिवार, मुनि श्रमण सागर महाराज की पिच्छिका प्राप्त करने का सौभाग्य दीपा आलोक कुमार जैन सन्मति टाइल्स परिवार, मुनि संस्कार सागर महाराज की पिच्छिका प्राप्त करने का सौभाग्य कीर्ति मुन्ना लाल जैन सिरनोटा वाला परिवार, मुनि ओंकार सागर महाराज की पिच्छिका प्राप्त करने का सौभाग्य अमिता अजय जैन एवं ऐलक गौरव सागर महाराज की पिच्छिका प्राप्त करने का सौभाग्य राजीव जैन सहारनपुर को प्राप्त हुआ। सभी पिच्छिका प्राप्त करने वाले परिवारों ने झूमते गाते हुए मुनि संघ से मंच पर पहुंचकर आशीर्वाद लिया। वहीं मंगल प्रवचन में मुनि श्री ने पिछी को संयम एवं जीव दया का उपकरण बताते हुए, आम जन को पिच्छी के महत्व को समझाया। सफल एवं भव्य कार्यक्रम के उपरांत पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर समिति द्वारा सभी नगरवासियों को आभार व्यक्त किया।



## छात्राओं का राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नवांकुर की छात्रा निशिका रघुवंशी, वैष्णवी शर्मा और डॉल्फिन की पीहू रघुवंशी का राष्ट्र स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ हुआ। 17 वर्ष से कम आयु वर्ग के विद्यार्थियों की राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन भोपाल में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में नवांकुर की छात्रा वैष्णवी शर्मा ने स्वर्ण पदक निशिका रघुवंशी ने रजत पदक तथा डॉल्फिन की पीहू रघुवंशी ने भी स्वर्ण पदक प्राप्त पर राष्ट्र स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया।

पीहू रघुवंशी ने डिस्कस थ्रो में रजत पदक तथा निशिका रघुवंशी ने डिस्कस थ्रो व वैष्णवी शर्मा ने हैमर थ्रो में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के कुल आठ विद्यार्थी सहभागिता कर रहे हैं।



अन्य विद्यार्थियों के परिणाम आना शेष हैं। उल्लेखनीय है कि विद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी विजय शर्मा के मार्गदर्शन में विद्यालय के छात्र-छात्राऐं नई-नई उपलब्धियाँ हासिल कर रहे हैं। विगत वर्षों में विद्यालय के अनेक विद्यार्थी राष्ट्र स्तरीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में सहभागिता कर चुके हैं। बीते वर्ष में विद्यालय के पाँच विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर और 36 विद्यार्थियों ने राज्य स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। डॉल्फिन में क्रीड़ा प्रभारी गौरव भारद्वाज विद्यार्थियों का निरंतर मार्गदर्शन करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय में हर्ष और उत्साह का माहौल व्याप्त है। प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित, डॉल्फिन प्राचार्य संदीप नारायण जेटली व समस्त विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों को बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### सफाई दल के सदस्यों ने बड़ी संख्या में कचरा एकत्रित किया

# रिपटा घाट पर चलाया सफाई अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नदी स्वच्छता, संरक्षण और जन जागरूकता के उद्देश्य से संचालित साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 के अंतर्गत श्रमदान दल ने रविवार को बेतवा नदी के रिपटा घाट पर तीसरे चरण का स्वच्छता कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न किया। सुबह 7 बजे प्रारंभ हुए इस श्रमदान में दल के सदस्यों ने इस बार विशेष रूप से माइक्रोप्लास्टिक और उसके अवशेष एकत्रित करने पर ध्यान केंद्रित किया। लगभग दो घंटे तक चले इस अभियान के दौरान घाट किनारे से 1000 से अधिक तेल एवं शैंपू के पाउच एकत्र किए गए। दल ने बताया कि यह मात्रा यह दर्शाती है कि नगरवासियों में अब भी नदियों के प्रति उदासीनता और असंवेदनशीलता बनी हुई है। जहाँ कभी लोग बेतवा तट पर श्रद्धा, स्नान और साधना के लिए आते थे, आज वहीं प्लास्टिक प्रदूषण का अंबार दिखाई देता है। यह एक गंभीर चेतावनी है कि हम कहीं न कहीं प्रकृति से अपना रिश्ता तोड़ते जा रहे हैं। श्रमदान दल के सदस्यों ने कहा कि हम नागरिकों को यह बताना चाहते है कि उनके द्वारा नदियों और घाटों पर फेंका गया या यह कहें छोड़ा गया माइक्रोप्लास्टिक केवल घाट की मिट्टी या पानी में नहीं रह जाता, बल्कि धीरे-धीरे यह हमारे भोजन, पेयजल और साँसों तक पहुँच जाता है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) की रिपोर्ट की माने तो,"विश्व के प्रत्येक व्यक्ति प्रतिदिन लगभग पाँच ग्राम प्लास्टिक सूक्ष्म कण अपने शरीर में ले रहा है। यानी एक क्रेडिट कार्ड जितना प्लास्टिक है। बेतवा नदी अब केवल एक जलधारा नहीं रही, वह समाज के चरित्र का दर्पण बन गई है। उसकी गंदगी हमारी लापरवाही का प्रतिबिंब है और उसकी निर्मलता हमारी सजगता का प्रमाण। दल के सदस्यों ने बताया कि हमारी परंपरा में नदी को माँ का दर्जा दिया गया है। वेदों में नदियों को "जीवनदायिनी" कहा गया है, क्योंकि वे केवल जल नहीं, बल्कि सभ्यता की वाहक हैं। परंतु आधुनिक जीवनशैली ने इस पवित्रता को प्रदूषण में बदल दिया है। आज आवश्यकता है कि हम अपनी श्रद्धा को संवेदनशीलता में परिवर्तित करें। दल के सदस्य नितिन अग्रवाल के अनुसार, यह अभियान केवल सफाई नहीं, बल्कि एक मानसिक क्रांति है। प्रत्येक रविवार जब श्रमदान दल के ये लोग घाट पर पहुँचते हैं, तो यह केवल कचरा हटाना नहीं, बल्कि समाज की सुस्ती और उपेक्षा को झक झोरना होता है।

# कोर्ट प्रकरण वाले शिक्षकों का वेतन निर्धारण लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शिक्षक समस्या निवारण शिविर में शासकीय शिक्षक संगठन के माध्यम से कोर्ट प्रकरण में शामिल शिक्षकों का 8 माह से लंबित वेतन निर्धारण के निराकरण हेतु ज्ञापन दिया गया। शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष पृथ्वी सिंह रघुवंशी ने बताया कि हमारे साथी शिक्षकों का विगत 8 माह से वेतन निर्धारण नहीं हो पा रहा है जिससे उनके एरियर आदि का भुगतान लंबित है। जबकि अन्य विकासखंड में वेतन निर्धारण कर दिया गया है।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी से मिलकर शिक्षकों की लंबित समस्या का शीघ्र अतिशीघ्र निराकरण हेतु अनुरोध किया गया, साथ ही हमारे शिक्षक ऐप से उपस्थित लगाने में तकनीकी समस्या आ रही है। जिसका निराकरण होने के पश्चात ही हाजरी को वेतन से जोड़ा जाए तब तक प्रधानाध्यापक, प्राचार्य के प्रमाणीकरण के आधार पर ही शिक्षकों की वेतन बनाने का अनुरोध किया गया। शिक्षक अपने विद्यालयों में प्रतिदिन ऐप से हाजिरी लगा रहे हैं। इसके पश्चात भी उनको विद्यालय में न होकर 1000 मीटर 5000 मीटर दूर की लोकेशन दिखाई जाती है, साथ ही चेहरा का मिलान भी नहीं हो पा रहा है विकासखंड शिक्षा अधिकारी से अनुरोध किया गया कि एप से हाजिरी लगाने में आ रही समस्याओं को वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाया जावे। जिससे कि समस्या का शीघ्र निराकरण हो सके। इस अवसर पर शिक्षक संजीव रघुवंशी, विनोद श्रीवास्तव, अरुण पांडे ,सचिन खपरे, आकाश कुशवाह ,सुनील शर्मा, योगेश विसोरिया ,संजय श्रीवास्तव, विभव सेंगर, भूपेंद्र रघुवंशी, सुनील अहिरवार, धर्मेंद्र चतुर्वेदी सहित अनेक शिक्षक उपस्थित थे।



## मेरा एक ही लक्ष्य है कि हर महिला सशक्त हो: सांसद

# प्रदेश महामंत्री बनने पर सांसद लता वानखेड़े को समर्थकों दी शुभकामनाएं

## मैं प्रयास करूंगी कि हमारी ज्यादा से ज्यादा बहनें नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ें और निर्णय लेने में सक्षम बनें: डॉ लता वानखेड़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

सिरोंज-सागर संसदीय क्षेत्रीय सांसद डॉ लता वानखेड़े को मध्यप्रदेश भाजपा में महामंत्री नियुक्त होने पर उनके समर्थको में अपार उत्साह व खुशी देखी जा रही है। वहीं सिरोंज में सांसद डॉ लता बानखेडे के सांसद प्रतिनिधि मान सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता ने अपनी खुशी का अलग अलग तरह से इजहार किया। नगर के छत्री नाका चौराहा स्थित हनुमान मंदिर,महामाई माता मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई। वरिष्ठ भाजपा नेता मान सिंह रघुवंशी द्वारा सिरोंज-सागर क्षेत्र में बडे बडे बैनर पोस्टर लगाकर सांसद डॉ लता वानखेड़े को मध्यप्रदेश भाजपा का महामंत्री नियुक्त होने पर शुभकामनाएं दी।

### हरिभूमि से चर्चा में बोलीं सांसद

इस अवसर पर हरिभूमि संवाददाता एडवोकेट राजीव जैन सैनानी से चर्चा के दौरान सांसद डॉ लता बानखेडे ने कहा कि हमारे पास पार्टी में कितने भी पद हो लेकिन हमारे लिए संगठन ही सर्वोपरि होता है। हमारे लिए संगठन से ज्यादा महत्वपूर्ण कुछ नही होता। में निरंतर 25 वर्षो से संगठन में सक्रिय भूमिका का निर्वहन कर रही हूं। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला महामंत्री से लेकर जिला अध्यक्ष,प्रदेश उपाध्यक्ष के बाद राष्ट्रीय कार्य समिति की सदस्य,महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष भी रही हुं। साथ ही महिला आयोग की अध्यक्ष भी रही हूं अब में भारतीय जनता पार्टी में प्रदेश महामंत्री पद पर नियुक्त हुई हुं। में निरंतर संगठन का कार्य कर रही हूं और मुझे संगठन का कार्य करने में काफी अच्छा लगता है। क्योंकि संगठन से ही सत्ता होती है और हमारे लिए संगठन ही सब कुछ है। वही उन्होने कहा कि पार्टी ने जो मुझे जिम्मेदारी दी है उसके लिए में हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नडडा,प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खंडेलवाल का विशेष आभार व्यक्त करती हूं। जो मुझे संगठन का इतना बडा पद देकर मुझ पर इतना विश्वास जताया है में उनके विश्वास पर हमेशा खडा उतरने का प्रयास करूगी।

### एक साथ दो दायित्वों का कर सकती हूं निर्वहन

सांसद डॉ लता बानखेडे ने कहा कि हमारे अंदर काम करने की इक्छा है तो हमें कोई काम करने में किसी भी प्रकार की परेशानी नही होती है और मेरी आदत है में संगठन के साथ विगत कई वर्षो से कार्य कर रही हूं। में 15 वर्ष तक संरपच रही। इसके बाद 10 वर्षो तक महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रही। इसलिए मेरे स्वभाव में हर चीज आ गई है। जिससे कि मैं एक के साथ दोनो दायित्वो का निर्वहन कर लेती हूं। उन्होने कहा कि में 25 वर्षो से महिला मोर्चा में काम कर रही हूं और मैं पिछले चार वर्षो से महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री के रूप में कार्य कर रही थी। मुझे महिलाओं से विशेष लगाव है और मेरा एक ही लक्ष्य है कि हर महिला सशक्त हो,हर महिला आत्मनिर्भर हो। में इस दिशा में निरंतर प्रयास करती हूं। मैने कई स्वसाहयता समूह बनाए उसके माध्यम से महिला को सशक्त करने का कार्य किया है और महिला में नेतृत्व क्षमता कैसे बडें इस दिशा में मेरा हमेशा प्रयास रहता है। मै प्रयास करूंगी कि हमारी ज्यादा से ज्यादा बहने नेतृत्व की दिशा में आगे बडें वह निर्णय लेने में सक्षम बनें, उनमें नेतृत्व का भाव जागें।

## पुलिस से बच्चों व छात्रावास संपत्ति की सुरक्षा की लगाई गुहार

# आसामाजिक तत्वों के आंतक और चोरियों से परेशान छात्रावास अधीक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज






नगर के कटरा मोहल्ला स्थित शासकीय बालक छात्रावास में आसामाजिक तत्वो द्वारा शासकीय संपत्ति की चोरी करने को लेकर छात्रावास अधीक्षक कृष्णकांत चतुर्वेदी द्वारा पुलिस थाने पहुचकर कई बार पुलिस से छात्रावास व छात्रो की सुरक्षा के प्रबंध की मांग की जा चुकी है। विगत दिनो पूर्व आसामाजिक तत्वो द्वारा छात्रावास के मेन गेट के ताले तोडे गए। जिसको लेकर छात्रावास अधीक्षक द्वारा पुलिस थाने पहुचकर शिकायत करते हुए बताया कि शासकीय बालक छात्रावास के मेन गेट पर लगने वाला ताले को 22 अक्टूबर की रात्रि में असामाजिक तत्वों द्वारा तोड दिया गया।

वही उसके साथ लगने वाली 2 जंजीरों को अपने साथ ले गए। मेरे द्वारा रात्रि के 9 बजे ताला लगा दिया गया था एवं सुबह 6 बजे देखा तो ताला एवं जंजीर नहीं थी। असामाजिक तत्वों द्वारा छात्रावास परिसर में मदिरा पान एवं अनैतिक कार्य किया जाता है। बार-बार समझाने पर वह धमकी एवं गाली-गलौच का प्रयोग करते है। उन्होने कहा कि मेरे द्वारा पूर्व में भी कई बार इन घटनाओ को लेकर पुलिस थाने पहुचकर अवगत कराया गया है। असामाजिक तत्वों द्वारा शासकीय संपत्ति को नुकसान तथा शासकीय संपत्ति की चोरी की जा रही है। शासकीय नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही कर छात्रावास तथा छात्रों की सुरक्षा का प्रबंध करने की जाए। जिससे भविष्य में कोई अनहोनी घटना घटित न हो सके। साथ ही बच्चे निडर होकर अध्यापन कार्य कर सके।

### पूर्व में भी हो चुकी कई घटनाएं

वहीं उन्होने बताया कि आसामाजिक तत्व द्वारा शासकीय कार्य में व्यवधान तथा धमकी देने को लेकर मेरे द्वारा पूर्व में भी कई बार शिकायत की जा चुकी है। शासकीय बालक छात्रावास हाई स्कूल के असामाजिक तत्वो द्वारा एक नाच गाने वाले को लेकर छात्रावास परिसर में आकर मदिरापान एवं अनैतिक कार्य किया जाता है। जब मेरे द्वारा उनको परिसर से हटने को कहा जाता है तो वह गाली गलौच तथा अश्लील एवं अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी देते है। उनको बार-बार समझाईश पर भी धकमी एवं गालियों का प्रयोग किया जाता है। साथ ही असामाजिक तत्वो द्वारा शासकीय संपत्ति को नुकसान तथा चौरी की जाती है।

### डॉ उमाशंकर शुक्ल ने राजनीति में कभी झुकना स्वीकार नहीं किया: सुरेश आचार्य

**सागर**। सागर के वरिष्ठ पत्रकार रहे एवं समाजसेवी डॉ. उमाशंकर शुक्ल की स्मृति का आयोजन आज श्यामलम संस्था के तत्वाधान में सिविल लाइन स्थित होटल में किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध गांधीवादी चिंतक पं. सुखदेव प्रसाद तिवारी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाज वादी विचारक एवं अधिवक्ता जवाहर अग्निहोत्री ने की। सारस्वत अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के हिंदी के पूर्व विभाग अध्यक्ष डॉ. सुरेश आचार्य एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन सागर के अध्यक्ष आशीष ज्योतिषी उपस्थित रहे। कार्यक्रम परिचय देते हुए श्यामलम संस्था के अध्यक्ष उमाकांत मिश्र नें स्मृति आयोजन की महत्ता पर प्रकाश डाला। सरस्वती वंदना डॉं नलिन जैन बिट्टी नें की। इस अवसर पर बीमारी के कारण, लम्बे अंतराल के बाद डा. शुक्ला के प्रति आत्मीय भाव से पधारे सारस्वतअतिथि डॉ. सुरेश आचार्य ने कहा कि उमाशंकर शुक्ल की बुंदेली भाषा पर अच्छी पकड़ थी। राजनीति में उन्होंने कभी झुकना स्वीकार नहीं किया। मुख्य अतिथि शुकदेव प्रसाद तिवारी ने कहा कि डॉ शुक्ला से मेरे मित्रवत संबंध रहे हैं,उनके द्वारा लिखी गई कहानियां हमेशा जीवंत रहेंगी।



### कांग्रेस सेवादल परिवार का 75वां ध्वजवंदन कार्यक्रम आन बान शान से हुआ संपन्न

**सागर**। अक्टूबर माह के इस अंतिम रविवार को शहर कांग्रेस सेवादल परिवार का मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम पंतनगर वार्ड, काकागंज वार्ड और सूबेदार वार्ड के संगम स्थल गोला कुंआ पर राज्यपाल पुरुस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक अवध बिहारी बिल्थरे के करकमलों से संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के साथ प्रदेश कांग्रेस सेवादल के महासचिव विजय साहू प्रमुख रूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अवध बिहारी बिल्थरे ने कहा कि कांग्रेस सेवादल परिवार ने आजादी की लड़ाई से लेकर आज तक देश के लोगों के दिलों में सेवा, समर्पण और एकता का दीप जलाए रखा है। सेवादल का मतलब ही है सेवा के माध्यम से देशभक्ति। सेवादल आज भी वही है, वहीं आत्मा, वहीं जज्बा वहीं निष्ठा। फर्क बस इतना है कि अब हमें दोहरी लड़ाई लड़नी है एक झूठ और नफ़रत के खिलाफ,और दूसरी अपने आलस्य के खिलाफ। मुख्य अतिथि ने देश, प्रदेश और शहर की समस्याओं को लेकर भी अपनी चिंता जाहिर की। कार्यक्रम के आयोजक शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने 75 वें मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी कांग्रेस जनों का आभार व्यक्त किया और संकल्प लिया कि आप सभी के आर्शिवाद और शुभकामनाओ से अगर 100 वां आयोजन करने का मुझे मौका मिला तो वह आयोजन ऐतिहासिक होगा। कार्यक्रम का संचालन द्वारका चौधरी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी रामनाथ यादव, प्रदीप गुप्ता, लक्ष्मीनारायण सोनकिया, औंकार साहू, राजाराम सरवैया, डा.दिनेश पटेरिया, चमन अंसारी,वसीम खान, हरिश्चंद्र सोनवार, योगराज कोरी, नितिन पचौरी आदि उपस्थित रहे।

### जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन 20-21 दिसंबर को

**सागर**। अखिल भारतीय जैन युवक युवती परिचय सम्मेलन का 22 वें वर्ष का आयोजन संजोग समिति सागर के द्वारा 20 और 21 दिसंबर को आदर्श गार्डन सागर में होने जा रहा है। इस वर्ष पत्रिका में भारतवर्ष से 1500 से अधिक युवक युवतियों की प्रविष्टि शामिल होने का अनुमान है।

### राज्य कर्मचारी संघ की दीपावली मिलन बैठक हुई




**विदिशा**। विदिशा तहसील के मप्र राज्य कर्मचारी संघ की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा दीपावली मिलन समारोह की सफलता हेतु मार्गदर्शन पर चर्चा हुई। संभाग उपाध्यक्ष नारायण प्रसाद चतुर्वेदी और संगठन मंत्री नीलेश तिवारी ने सभी कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम सफल बनाने के निर्देश दिए। तहसील अध्यक्ष विपुल शर्मा ने बताया कि विदिशा से 200 से अधिक कर्मचारी भोपाल पहुंचकर कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता विमलेश सक्सेना, लघु वेतन कर्मचारी समिति अध्यक्ष अतुल अन्वेकर, भूतपूर्व सैनिक समिति अध्यक्ष कमलेश दुबे सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मोतीनगर चौराहा से संविधान चौक धर्मश्री सड़क चौड़ीकरण कार्य में बाधक अतिक्रमण हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर



मोतीनगर चौराहा से संविधान चौक धर्मश्री सड़कमार्ग में मोतीनगर चौराहे के पास स्थित एक बड़ा अतिक्रमण दसकों से बॉटल नेक बनाकर यातायात सुगम बनाने में बाधक बन रहा था। मोतीनगर चौराहा से संविधान चौक धर्मश्री सड़कमार्ग चौड़ीकरण के दौरान निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने समक्ष में खड़े होकर रविवार को उक्त अतिक्रमण को हटवाने की कार्यवाही करायी। दोपहर लगभग 12 बजे से 3 बजे तक चली इस कार्यवाही के दौरान दो जेसीबी और पोकलिन मशीनों की मदद से उक्त अतिक्रमण को गिराया गया। इसके साथ ही निगमायुक्त ने धर्मश्री से शीतलामता तिराहा होते हुए मोती नगर चौराहे तक रोड चौड़ीकरण में बाधक बन रहे समस्त अतिक्रमणों का नाप कराकर चिन्हाकन कराया। निगमायुक्त ने स्थानीय रहवासियों से स्वयं अपना अतिक्रमण हटाने की अपील की। निगमायुक्त की पहल पर निशान लगने के बाद बहुत से स्थानीय रहवासियों द्वारा स्वयं अपना अतिक्रमण हटाने का कार्य प्रारम्भ किया गया और सड़क चौड़ीकरण व शहर विकास में सहयोग दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है की मोतीनगर चौराहे से धर्मश्री की ओर जाने वाले मार्ग पर इस रोड के चौराहे से कनेक्टिंग पॉइंट पर लम्बे समय से उक्त अतिक्रमण के कारण यातायात समस्या और ट्रैफिक जाम की स्थिति लगातार निर्मित होती रहती थी। मोतीनगर चौराहा शहर का एक बड़ा चौराहा होने के बाबजूद इस रोड की ओर चौराहे पर बने इस बड़े अतिक्रमण के कारण एक बॉटल नेक बनता था इससे वाहनचालक अक्सर ट्रैफिक जाम की समस्या से परेशान होते थे। मोतीनगर चौराहे के इस अतिक्रमण के हटने से व्यवस्थित लेफ्टटर्न सहित पर्याप्त चौड़ी रोड का निर्माण किया जा सकेगा। शहर में आवागमन को सुगम सरल बनाने हेतु विभिन्न प्रयासों के तहत यह भी एक सकारात्मक प्रयास है उक्त बॉटल नेक की समस्या को दूर करने और मोतीनगर चौराहे से धर्मश्री तक एक ओर से दूसरे ओर तक पर्याप्त चौड़ी व सुव्यवस्थित सड़क का निर्माण होने से बेहतर आवागमन सुविधा मिलने के साथ ही मोतीनगर चौराहे के स्वरूप में भी सकारात्मक परिवर्तन देखने मिलेगा चौराहे पर वाहनों का आवगमन सुगम होगा।

# महिला सशक्तिकरण व संगठन सुदृढ़ीकरण पर विशेष बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिला महिला कांग्रेस कमेटी द्वारा महिला सशक्तिकरण और संगठन सुदृढ़ीकरण विषय पर विशेष बैठक आज सोमवार दोपहर 2 बजे आयोजित की जाएगी। इसमें मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की महामंत्री एवं विदिशा संगठन प्रभारी रेखा सोनी मुख्य रूप से शामिल होंगी। प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री प्रभु सिंह ठाकुर, जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका किरार एवं प्रदेश सचिव आनंदप्रताप सिंह भी उपस्थित रहेंगे। प्रवक्ता अरुण अवस्थी ने बताया कि जिले के सभी मोर्चा, संगठन और प्रकोष्ठों के अध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में कांग्रेसजन और महिला सदस्य बैठक में भाग लेंगे। बैठक का उद्देश्य संगठन मजबूत करना और महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाना है।

### सहकारी समितियों का पंजीयन केवल ऑनलाइन

**सागर**। जिले में सहकारी समितियों का पंजीयन अब केवल ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा किया जाएगा। ऑनलाइन प्रक्रिया से समितियों का पंजीयन करवाने के लिए संबंधित व्यक्तियों को कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। उपायुक्त सहकारिता ने बताया कि समितियों के पंजीयन के लिए विभागीय ऑनलाईन पोर्टल पर जाकर 21 व्यक्ति मिलकर सहकारी समिति का गठन कर सकते हैं। पोर्टल पर नवीन संस्था का आवेदन करने के लिए आवेदक उल्लेखित लिंक पर जाकर स्वयं एमपी ऑनलाईन नागरिक सुविधा केन्द्र के माध्यम से आवेदन कर सकता है। आवेदक को पोर्टल पर अपना लॉग इन क्रिएट करना होगा। लॉग इन क्रिएट करने के लिए आधार से लिंक मोबाईल नंबर प्रविष्टि कर ओटीपी सत्यापन होगा। प्रस्तावित संस्था की जानकारी एवं प्रथम आवेदन की जानकारी भरकर पासवर्ड निर्मित करेगा। तत्पश्चात आवेदक का लॉगिन निर्मित हो जायेगा। अंशपूंजी का मूल्य दर्ज करके प्रस्तावित सदस्यों के फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड कर तदर्थ कमेटी नामांकित कर दस्तावेज अपलोड कर अंशों का मूल्य एवं सदस्यता प्रवेश शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करेगा।

### बालाजी मंदिर में लगाया छप्पन भोग

**विदिशा**। बालाजी मंदिर में बालाजी एकादशी उत्सव समिति द्वारा अन्नकूट महोत्सव एवं छप्पन भोग का आयोजन किया। भगवान व्यंकटेश को छप्पन भोग अर्पित किए गए। सहीं शाम 7 बजे आरती के बाद भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### एक कवि लोकमंगल के भाव लिए प्रण प्राण से गीत रचता है: डॉ बारेलाल जैन

**सागर**। इस संस्था के संस्थापक स्व. मणीकांत चौबे 'बेलिहाज' द्वारा स्थापित इस साहित्य पटल ने सदा अराजकता, अनीति, भ्रष्टाचार आदि का विरोध करते हुए, सत्य, अहिंसा, प्रेम, सद्भाव, समरसता आदि के प्रसारण का सद्कार्य किया है। इस साहित्यिक मंच ने संगोष्ठी के माध्यम से जनता को आशा, उमंग व उत्साह की प्रेरणा देते हुए, सन्मार्ग पर चलते रहने की प्रेरणा व शक्ति दी है। यह बात रीवा से डॉ. बारेलाल जैन 'लाल' ने कही, वह बुंदेलखंड हिंदी साहित्य संस्कृति विकास मंच सागर की निरंतर साप्ताहिक 1606 वीं और ऑनलाइन 284 वीं काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि साहित्यकार निर्भीक होता है, वह किसी से नहीं डरता, वह अपनी रचना के माध्यम से लोक मंगल के भाव लिए प्रण प्राण से गीत रचता है।

## नटेरन में धर्मशाला बनाने रघुवंशी समाज की हुई बैठक, जिलेभर के रघुवंशी समाज के वरिष्ठ जन हुए शामिल

# शिक्षक ने धर्मशाला के लिए भूमि दान करने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

रविवार को नटेरन मांगलिक भवन में रघुवंशी समाज की बैठक हुई। भगवान श्रीराम दरबार में बैठक की शुरुआत की गई। जिसमें नटेरन क्षेत्र में रघुवंशी धर्मशाला बनाने को लेकर चर्चा हुई। जिससे कि समाज के मध्यम गरीब वर्ग को लाभ मिले। नटेरन में स्वर्गीय रघुवीर सिंह एवं प्रताप सिंह रघुवंशी द्वारा 4 बीघा जमीन 2011 में दान में दी थी उक्त भूमि को समाज के लोगों ने देखा वहीं नटेरन के शिक्षक गुलाब सिंह रघुवंशी ने भी धर्मशाला के लिए भूमि दान करने की घोषणा की। जिला अध्यक्ष मोहर सिंह ने उनका स्वागत कर प्रशंसा की। रघुवंशी समाज के अयोध्या ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी एवं रघुवंशी समाज के जिला अध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि यशपाल रघुवंशी ने अपने अपने विचार रखे और नटेरन में शीघ्र ट्रस्ट का गठन बनाने की बात हुई।




# श्रद्धांजलि देने बल्लाखेड़ी पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खामखेड़ा



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा, स्वास्थ्य मंत्री प्रभु राम चौधरी, विदिशा विधायक मुकेश टंडन, शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ग्राम बल्लाखेड़ी पहुंचे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मालवा प्रांत प्रचारक राजमोहन सिंह बघेल एवं खामखेड़ा खंड प्रचारक गजेंद्र सिंह बघेल के पूज्य स्वर्गीय पिता विशाल सिंह बघेल को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने बघेल परिवार से मुलाकात की। बाद में देवेश भार्गव को बुलाकर उनसे मुलाकात की। खेजड़ा सुल्तान के सरपंच बलवीर मीणा, विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता सहित एसपी रोहित काशवानी मौजूद रहे।

# बे-मौसम की रिमझिम बारिश ने फसलों पर फेरा पानी





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन/दीवानगंज

क्षेत्र में 24 घंटे से हो रही रुक रुक कर रिमझिम बारिश से खेतों में खड़ी फसलों पर पानी फेर दिया है। जहां किसान कम उत्पादन को लेकर वैसे ही परेशान था, ऊपर से आसमानी आफत ने भी मुश्किल बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें साफ दिखने लगी हैं। क्षेत्र के आसपास सोयाबीन कम तो धान की फसल किसानों ने ज्यादा लगाई है। सोयाबीन की फसल लगभग सभी किसानों की कट चुकी है। लेकिन धान की फसल अभी खेतों में ही खड़ी हुई है।

## खबर संक्षेप

### गोवंश हत्या का फरार आरोपी हुआ गिरफ्तार

**रायसेन।** गौ वंश की हत्या के मामले में फरार आरोपी को देवनगर पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ने में सफलता हासिल कर ली है। मालूम हो कि 13 अक्टूबर को देवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुलाबगंज में गोवंश की हत्या हुई थी। जिस पर थाना देवनगर पुलिस द्वारा 14 अक्टूबर को 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। एक आरोपी घटना के बाद से पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। देवनगर थाना प्रभारी हरिओम अस्थाया के नेतृत्व में एक टीम गठित की। पुलिस टीम द्वारा फरार आरोपी बदरूजमा खान उर्फ बदरू पिता मुबारिक खान निवासी गुलाबगंज को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां न्यायालय द्वारा आरोपी को जिला जेल भेजा। गायों के हत्यारे बदरुजमा का पुलिस ने जुलूस भी निकाला। आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी हरिओम अस्थाया, सहायक उप निरीक्षक सतीश जालवान, प्रधान आरक्षक संजीव धाकड़, प्रधान आरक्षक हरनाम सिंह, आरक्षक दीपक बैरागी की अहम भूमिका रही।

### खिलाड़ियों ने ट्रायल एवं पंजीयन में दिखाई रुचि

**रायसेन।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा शहर के खेल स्टेडियम में यू-15 की ट्रायल्स रखी गई थी। जिसमें जिले के क्रिकेट खिलाड़ियों ने ट्रायल्स और रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में भाग लिया। जिसमें सुल्तानपुर, देहगांव, गढ़ी, गैरतगंज, सलामतपुर, गौहरगंज और रायसेन के क्रिकेट खिलाड़ियों ने उत्साह पूर्वक ट्रायल्स में शामिल हुए। इन्ही खिलाड़ियों में से जिले की 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की जानी है जो नवंबर के पहले हफ्ते में सीहोर में इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल होने जाएगी। जिला क्रिकेट संघ के सचिव अजहर कुरैशी, सदस्य मुकेश शर्मा मौजूद थे।

### महिला सुरक्षा पर थाने में हुआ जागरूकता संवाद

**सिलवानी।** महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों और किशोरियों की सुरक्षा को लेकर शनिवार शाम सिलवानी पुलिस थाना परिसर में किशोरी जागरूकता संवाद एवं पत्रकारों की विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता थाना प्रभारी पूनम सविता ने की। बैठक में क्षेत्र के कई पत्रकार, पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। बैठक का उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों के प्रति समाज में बढ़ती असुरक्षा की भावना को कम करना और सामूहिक प्रयासों से सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाना था।

### मुनिद्वय ने दी आत्मशुद्धि व सम्यग्दर्शन की प्रेरणा

**सिलवानी।** नगर के ऐतिहासिक पारसनाथ जिनालय में रविवार को एक आध्यात्मिक वातावरण में धर्मसभा का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें श्रमण संस्कृति के प्रचारक मुनि साक्ष्य सागर महाराज एवं मुनि निवृत्त सागर महाराज ने अपने सशक्त वचनों से समाजजनों को धर्म, आत्मा और जीवन की वास्तविकता का बोध कराया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक मंगलाचरण, दीप प्रज्ज्वलन, चित्र अनावरण, पाद प्रक्षालन तथा शास्त्र भेंट के साथ हुआ।

## आरईएस विभाग पांच साल में भी तैयार नहीं कर पाया ठोस प्लान

# अनुदान बढ़ने के बाद भी गोशालाएं पड़ी खाली, सड़कों पर बैठ रहे मवेशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

आरईएस विभाग का जिम्मा गांवों में गौशालाओं का निर्माण कराना है। लेकिन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही उदासीनता का आलम यह है कि 5 साल गुजर जाने के बाद भी ठोस प्लान के अभाव में 10 गौशालाओं का निर्माण अधूरा पड़ा है।

जिले में गोवंश के लिए पंचायत स्तर पर बनीं गोशालाएं खाली पड़ी हैं। प्रशासन के रिकॉर्ड में गोशाला संचालित हैं, लेकिन हकीकत यह है कि इनमें एक भी गाय नहीं है। शासन ने गाय पर अनुदान भी बढ़ाकर 40 रुपए कर दिया है, इसके बावजूद गोशालाओं का संचालन नहीं किया जा रहा है।

### सरकार और कलेक्टर के निर्देश को नहीं दी तवज्जो

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आदेश पर कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा,एसपी पंकज पांडे द्वारा सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली थी। मीटिंग में सभी जिम्मेदार अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान कलेक्टर विश्वकर्मा ने निर्देश दिए थे कि सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों के कान में लगे टेग से पशु मालिक की जानकारी जुटाकर उन पर एफआईआर दर्ज कराई जाए। लेकिन इन निर्देशों के बावजूद एक भी पशु मालिक पर रायसेन शहर में एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई है। इसका नतीजा ये है कि शहर के गोपालपुर से लेकर सागर और भोपाल रोड बायपास रायसेन सहित जिले भर की सड़कों पर मवेशियों के झुंड के कारण सड़कों से वाहन निकाल पाना मुश्किल हो रहा है।

**10 गोशालाओं का कार्य अभी भी पड़ा अधूरा**

जिले में कुल 83 गोशालाओं को मंजूरी दी गई थी, जिसमें 73 गोशाला साल 2020 में बनकर तैयार हो गई थीं। इनमें से 61 गोशाला को संचालित करने का दावा प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। लेकिन हकीकत यह है कि किसी में दस गाय तो किसी में 20 गाय ही हैं। दस गोशालाओं का निर्माण अभी भी अधर में लटका है। आरईएस और जिला प्रशासन ने गोशालाओं के निर्माण पर करोड़ों रुपए खर्च किए हैं, लेकिन इनके सुचारू संचालन के लिए प्लानिंग फेल नजर आ रही है।



**फैक्ट फाइल**

- 45 गोशाला जिले में मंजूर।
- 73 गोशाला बनकर तैयार।
- 61 गोशाला चालू होने का दावा।
- 10 गोशाला का निर्माण अधूरा।
- 20 हजार आवारा गोवंश सड़कों पर

### गोशाला बंद, कागजों में हैं चालू

*जनपद पंचायत सांची के गीदगढ़ गांव में बनी गोशाला कागजों में संचालित की जा रही है, जबकि हकीकत में यह गोशाला बंद पड़ी है इसमें एक गाय भी नहीं है। छह महीने पूर्व गोशाला में कुछ गाय थीं, लेकिन अब वह भी नजर नहीं आ रही हैं। गोशाला बंद होने से गीदगढ़ में गोवंश का जमावड़ा रहता है। सड़कों पर बैठे आवारा पशुओं के कारण वाहन चालकों, किसानों को परेशानी हो रही है।*

### बंद पड़ी गौशालाओं को चालू कराने का करेंगे प्रयास

कुछ गोशालाएं बंद हैं, उन्हें चालू करने का प्रयास कर रहे हैं। गोशालाओं की जांच की जाएगी। यदि ग्राम पंचायत द्वारा संचालन ठीक से नहीं किया जा रहा है तो अनुदान बंद होगा। गौ अभ्यारण्य बनते ही जल्द सड़कों से आवारा गायों की समस्या से छुटकारा मिल जाएगा। - **शरद तंतुवाय,** ईई आरईएस विभाग।

### ये गलत है : 38 गोशालाओं में 9360 गोवंश, बाकी 20 हजार से अधिक सड़कों पर

जिले में 73 गोशालाएं संचालित हैं, जिनमें 9360 गो-वंश को रखा गया है। इनके अलावा करीब 20 हजार से अधिक गो-वंश जिले भर की सड़कों पर आवारा घूम रहे हैं। यही आवारा गोवंश कहीं वाहनों से की चपेट में आने से मर रहे हैं तो कहीं इनसे टकराने से लोग घायल हो रहे हैं। इसी तरह की एक बड़ी घटना जिले के सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के सेमरी खुर्द गांव के पास एनएच 12 पर केमवाली के समीप गुरुवार की सुबह 5 बजे घट गई। एक अज्ञात वाहन ने 13 गायों को रौंद दिया। हालात ये थी कि सड़क पर जगह-जगह मरी हुई गाय पड़ी हुईं थी। गौहरगंज और ओबेदुल्लागंज के बीच जयपुर जबलपुर नेशनल हाईवे पर

इस तरह की घटना क्रम देखकर लोग आक्रोशित हो गए। ये कोई अकेली घटना नहीं है। रायसेन सांची रोड, भोपाल या सागर रोड सभी जगह रात के समय वाहन गोवंश को टक्कर मारकर चले जाते हैं। रात के समय सफर करने वाले लोगों के मुताबिक रात सामने से आ रहे वाहनों की लाइट के कारण सड़कों पर एकत्रित मवेशी दिखाई ही नहीं देते और अनजाने में वाहन टकरा जाते हैं।

## 127वां एपिसोड का देखा सीधा प्रसारण

# 'मन की बात' सुनने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे खोहा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले के सांची ब्लॉक अंतर्गत ग्राम खोहा में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने पहुंचकर मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण देखा। उनके साथ जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा भी मौजूद रहे।

वहीं शहर के वार्ड 3 मढ़ईपुरा में बीएलओ बूथ अध्यक्ष संतोष यादव के कार्यालय में पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का भाजपाईयों द्वारा प्रसारण देखा गया। इस अवसर पीएम मोदी ने भारत देश के कहवा से कॉफी की जानकारी देते हुए बोले कि इंडिया कॉफी के मामले में विश्व में झंडे गाड़ रहा है।

इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश तोमर रम्मू भैय्या, जिला शह कार्यालय मंत्री लोकेंद्र सिंह वब्लू ठाकुर, बूथ अध्यक्ष संतोष यादव, वर्षा यादव, सतीश यादव, मोनू यादव, शेखर यादव आदि उपस्थित रहे।

## राज्यमंत्री को सौंपा ग्रामीणों ने ज्ञापन

# भोंडिया में राज्यमंत्री पटेल ने सुना मन की बात कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को क्षेत्रीय विधायक एवं राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने ग्राम भोंडिया में भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों के साथ देखा और सुना। इसी के साथ ग्रामीणों द्वारा विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन राज्यमंत्री पटेल को सोंपे। एसडीएम संतोष मुद्गल को हल करने के निर्देश दिए।

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी जी ने जीएसटी बचत,इ वंदे मातरम, त्योहारों पर स्वदेशी वस्तुओं की खरीद और ऑपरेशन सिंदूर जैसे विषयों पर प्रेरक चर्चा की।

कार्यक्रम में योगेश पटेल ,शंकर सिंह पटेल, रोहित चौधरी, अभिषेक रघुवंशी ,नगर पंचायत के अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी हरि नारायण, दलपत सिंह सहित भारी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुषों युवाओं की उपस्थिति रही।



### 'ऑपरेशन सिंदूर' से हर भारतीय को गर्व

कार्यक्रम के बाद ग्रामीणों को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने हर भारतीय को गर्व से भर दिया जहां माओवादियों का आतंक और अंधेरा रहता था वहां दीपावली पर दीपक जले कहा कि माओवादी आतंक का लोग पूरी तरह खात्मा चाहते हैं प्रधानमंत्री मोदी जी की दूर दृष्टि से खात्मा संभव हो पा रहा है राज्य मंत्री पटेल ने सामाजिक समरसता पर जोर दिया कहा कि में ना तो गलत करूंगा और ना ही गलत करने वालों का साथ दूंगा और ना ही झुकूंगा।

# मंत्री पटेल ने सिविल अस्पताल में नवीन भवन का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

नगर के सिविल अस्पताल में द्वितीय तल पर नवनिर्मित एक करोड़ 71 लाख 81 हजार की लागत से तैयार होने वाले भवन एवं स्ट्रेचर लिफ्ट का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने डॉक्टर सहित स्वास्थ्य अमले का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराए जाने को लेकर बधाई दी।

◆ जैसे आपके भाव होंगे वैसा ही परिणाम आपको मिलेगा: राज्यमंत्री




मंत्री पटेल ने ऐसे लोगों को चेतावनी दी जो शासकीय कार्यों में बाधा डालते हुए नेतागिरी करते हैं और अनावश्यक रूप से डॉक्टर और स्वास्थ्य अमले के ऊपर दबाव बनाते हैं। वहीं उन्होंने लोगों को निस्वार्थ भाव से जरूरतमंदों की सेवा सहयोग और मदद करने की बात कही।

मंत्री पटेल ने कहा कि प्रकृति का नियम है कि जैसा आप प्रकृति को देंगे वैसा ही आपको वापस मिलेगा। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष योगेश पटेल, कोषाध्यक्ष अवनीश पालीवाल, नपा अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, अभिषेक राजपूत, हिउस अध्यक्ष दिनेश बबेले, सीएमएचओ डा. एचएन मांडरे, एसडीम संतोष मुद्गल, एसडीओपी कुंवर सिंह मुकाती, बीएमओ डॉक्टर हेमंत यादव डॉक्टर प्रशांत सेन, डॉ हरिओम धाकड़, डॉक्टर कुमार सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## सेहत के लिए अच्छा नहीं यह मौसम

# रिमझिम बारिश से लुढ़का पारा, स्वास्थ्य पर बुरा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

यह मौसम सेहत के लिए अच्छा नहीं बताया जा रहा है। सर्द-गर्म होने के कारण मौसमी बीमारी सर्दी, जुकाम, खांसी और बुखार जोर पकड़ सकता है। दीपावली त्योहार से लेकर अभी तक जिला अस्पताल की ओपीडी 1000 के आसपास ही रिकॉर्ड हो रही है, लेकिन सोमवार से जिला चिकित्सालय की ओपीडी में इजाफा हो सकता है।

जिला चिकित्सालय में पदस्थ एमडी डॉ. एमएल अहिरवार ने बताया कि सर्दी का सीजन हेल्दी माना जाता है, लेकिन अभी सर्दी की शुरुआत हो रही है, इस मौसम में लोग ज्यादा बीमार होते हैं। स्वास्थ्य खराब होने पर तत्काल सरकारी अस्पताल में उपचार कराएं।



पिछले चार दिनों से मौसम के मिजाज बदले हुए हैं। एक तरफ पारे में उतार-चढ़ाव बना हुआ है। वहीं दूसरी तरह आसमान में बादल छाए होने को लेकर तेज धूप नहीं खिल रही है। पूर्व मध्य अरब सागर के ऊपर एक डिप्रेशन एक्टिव होने से गरज-चमक के साथ हल्की बारिश के आसार है। तीन दिन में 20 मिलीमीटर तक बारिश हो सकती है। मौसम वैज्ञानिकों ने दो तीन दिन तक मौसम ऐसा ही रहने की बात कही है।

## गूंजेंगी शहनाइयां, खिल उठेंगे कुंवारों के चेहरे, शादियों से बाजारों में आएगी रौनक

# देवउठनी एकादशी पर फिर लौटेगी खुशियों की बहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी


चार महीने तक शुभ कार्यों पर लगी रोक अब समाप्त हो रही है। जैसे-जैसे देवउठनी एकादशी का शुभ दिन नजदीक आ रहा है, नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में फिर से उल्लास और उमंग का वातावरण छा गया है। शादियों का मौसम शुरू होने से बाजारों में रौनक लौट आई है और मैरिज गार्डन, बैंड-बाजे, टेंट हाउस, डीजे और कैटरिंग सेवाओं की बुकिंग जोरों पर है।

लंबे इंतजार के बाद अब वह समय आ गया है जब भगवान विष्णु योगनिद्रा से जागेंगे और शुभ कार्यों की शुरुआत होगी। इस मौके पर नगर में धार्मिक कार्यक्रमों, तुलसी विवाह और विशेष पूजा-अर्चना की तैयारियां भी की जा रही हैं।

पं. संजय भार्गव (पिपरिया) ने बताया कि इस वर्ष 12 जून को गुरु अस्त होने और 6 जुलाई से चातुर्मास शुरू होने के कारण विवाह, गृहप्रवेश, यज्ञोपवित जैसे सभी मांगलिक कार्यों पर रोक थी। चातुर्मास के दौरान भगवान विष्णु योग निद्रा में रहते हैं, इसलिए इस अवधि में कोई शुभ कार्य नहीं किया जाता। अब देवउठनी एकादशी, जिसे प्रबोधिनी एकादशी भी कहा जाता है, पर भगवान विष्णु के जागरण के साथ ही शुभ कार्यों का आरंभ होगा।

### मलमास में रहेगा विराम, फरवरी से फिर बजेगी शहनाई

पंडित संजय भार्गव के अनुसार, 15 दिसंबर से 14 जनवरी तक मलमास (अधिक मास) रहेगा। इस अवधि में किसी भी प्रकार के शुभ कार्य करना वर्जित होता है। इसके बाद, जब 5 फरवरी को शुक्र ग्रह उदय होंगे, तब से अगला विवाह सीजन आरंभ होगा। यह अवधि फरवरी से जून तक रहेगी, जो पारंपरिक रूप से वर्ष का सबसे व्यस्त विवाह सीजन माना जाता है।



**देवउठनी ग्यारस से बैंड-बाजे, डीजे और मैरिज गार्डन वालों के चेहरे खिले**

देवउठनी एकादशी के साथ ही बैंड-बाजे, डीजे, कैटरिंग और टेंट व्यवसाय को भी नई रफ्तार मिली है। सिलवानी और आसपास के क्षेत्रों के संचालकों ने बताया कि नवंबर-दिसंबर की लगभग सभी तारीखें बुक हैं। कई परिवारों ने तो अपनी शादियों की तैयारियां महीनों पहले ही शुरू कर दी थीं।

### बाजारों में लौटी रौनक, बढ़ी खरीदारी की चहल-पहल

*शादी के मौसम की आहट से नगर के बाजारों में नई ऊर्जा दिखाई दे रही है। ज्वेलरी दुकानों पर सोने-चांदी के आभूषणों की खरीदारी तेज होती देखी जा रही है। वस्त्र व्यवसायियों के पास दुल्हा-दुल्हन के लिबास और पारंपरिक पहनावों की मांग बढ़ रही है। गिफ्ट शॉप्स, सजावट सामग्री, सिलाई- दर्जी और ब्यूटी पार्लर पर ग्राहकों की भीड़ बढ़ गई है। व्यापारियों का कहना है कि चातुर्मास के दौरान कारोबार में सुस्ती थी, लेकिन अब बुकिंग और बिक्री दोनों में तेजी बन रही है।*

### तुलसी विवाह और धार्मिक आयोजन की भी धूम

देवउठनी एकादशी के दिन तुलसी विवाह का विशेष महत्व होता है। नगर के मंदिरों और घरों में तुलसी और शालिग्राम का विवाह धूमधाम से मनाया जाएगा। महिलाएं इस दिन मांगलिक व्रत रखकर परिवार की समृद्धि और मंगल की कामना करेंगी। चार महीने की धार्मिक शांति और संयम के बाद अब हर ओर उत्सव का माहौल देखा जा रहा है। कुंवारे युवाओं के चेहरे खिल उठे हैं, परिवारों में खुशी की लहर है और हर गली- मोहल्ले से शहनाइयों की गूंज सुनाई देने लगेगी। देवउठनी एकादशी न केवल धार्मिक दृष्टि से बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से भी आनंद का पर्व बन जाती है।

### एकादशी तिथि का समय एवं प्रारंभ

**प्रारंभ :** 1 नवंबर सुबह 9:11 बजे से।
**समाप्त :** 2 नवंबर सुबह 7:31 बजे तक।

**बन रहा दो विशेष योग का संयोग**

**रवि योग :** 1 नवंबर सुबह 6:33 से शाम 6:20 तक।
**ध्रुव योग :** 2 नवंबर की रात 2:10 बजे तक।
इन योगों में किया गया शुभ कार्य दीर्घकालिक और मंगलदायक फल प्रदान करता है।

**नवंबर-दिसंबर में 17 शुभ मुहुर्त**

देवउठनी एकादशी के बाद से विवाह सीजन की शुरुआत होगी। इस वर्ष नवंबर में 14 और दिसंबर में 3 शुभ विवाह मुहूर्त रहेंगे।
**नवंबर के विवाह मुहूर्त :** 2, 3, 5, 8, 12, 13, 16, 17, 18, 21,22,23,25 और 30 नवंबर।
**दिसंबर के विवाह मुहूर्त :** 4, 5 और 6 दिसंबर। इन तिथियों पर पूरे नगर में विवाह की धूम मचेगी।